भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2057

**दिनांक 11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**चावल निर्यात हेतु कीटनाशक के निम्नस्तर**

**2057. श्री अरुण नेहरू:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि यूरोपीय संघ (ईयू) ने अपनी नियंत्रण सूची को भारत से चावल निर्यात में कीटनाशक के विसंगतिपूर्ण निम्नस्तर (अर्थात् ईयू सीमा-एफ्लाटॉक्सिन बी1 : 2 माइक्रोग्राम/ किग्रा, एफएसएसएआई के माध्यम से भारत सीमा-10 माइक्रोग्राम/किग्रा, अमरीकी सीमा-20 माइक्रोग्राम/किग्रा) के बारे में अद्यतन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इससे आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों के ऐसे अनेक चावल उत्पादक प्रभावित हुए हैं जो बासमती से इतर चावल का निर्यात करते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या इससे भारतीय कंपनियों को वर्षों से मिल रहा लाभ समाप्त हो गया है और नियंत्रण सीमा में अचानक परिवर्तन से उन आसियान देशों को अनुचित लाभ प्राप्त हुआ है जिन्होंने यूरोपीय संघ में भारतीय उत्पादकों का स्थान ले लिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(घ) इस अनुचित कदम के विरुद्ध उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या देश में यूरोपीय संघ की अनेक कंपनियां उदार नियमों के साथ भारतीय बाजार का लाभ उठा रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क): यूरोपीय संघ सहित अलग-अलग देशों ने कीटनाशकों के लिए अपने स्वयं के अधिकतम अवशेष स्तर (एमआरएल) निर्धारित किए हैं, जो उनके द्वारा किए गए जोखिम मूल्यांकन पर आधारित हैं। कई मामलों में, यूरोपीय संघ द्वारा निर्धारित एमआरएल, जो जोखिम-आधारित दृष्टिकोण पर निर्धारित किए जाते हैं, एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) द्वारा निर्धारित एमआरएल की तुलना में कम (सख्त) हैं।

एफ्लाटॉक्सिन खाद्य और चारे में पाया जाने वाला एक संदूषक है, न कि कीटनाशक। ईयू और एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित एफ्लाटॉक्सिन के एमआरएलएस का तुलनात्मक स्तर निम्नवत है:

| | **एमआरएल (माइक्रोग्राम/किलोग्राम), आज की तिथि के अनुसार** | | |
|---|---|---|---|
| **संदूषक** | **यूरोपीय संघ** | **संयुक्त राज्य अमेरीका** | **एफएसएसएआई** |
| **एफ्लाटॉक्सिन बी1** | **2** | **20** | **10** |

(ख) और (ग): यूरोपीय संघ के एमआरएल सभी निर्यातक देशों पर लागू होते हैं।

चावल संबंधी एफ्लाटॉक्सिन बी1 के लिए एमआरएल को हाल ही में ईयू द्वारा संशोधित नहीं किया गया है। भारत से ईयू को निर्यात किए गए चावल की खेपों में एफ्लाटॉक्सिन (खाद्य और चारे के लिए रैपिड अलर्ट सिस्टम (आरएएसएफएफ) अलर्ट के रूप में) का पता चला है, हालांकि पिछले 5 वर्षों में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के निर्यातकों द्वारा निर्यात किए गए चावल की खेपों के मामलों में कुछ पता चला है।

व्यापार आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 और 2023 के बीच भारत से यूरोपीय संघ को चावल निर्यात की मात्रा में 111% की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान गैर-बासमती चावल के निर्यात की मात्रा में 500% की वृद्धि हुई है, जो आसियान देशों की तुलना में उच्चतर है।

यूरोपीय संघ को चावल और गैर-बासमती चावल के निर्यात का विवरण नीचे दिया गया है:

| **यूरोपीय संघ को चावल का निर्यात** | | | |
|---|---|---|---|
| **निर्यातक देश** | **इकाई: मात्रा "000" मीट्रिक टन में** | | **2019-2023 के दौरान पूर्ण वृद्धि (%)** |
| | **2019** | **2023** | |
| भारत | 124 | 262 | 111.29% |
| थाईलैंड | 246 | 209 | -15.04% |
| कंबोडिया | 179 | 253 | 41.34% |
| वियतनाम | 57 | 57 | 0% |
| पाकिस्तान | 344 | 386 | 12.21% |
| म्यांमार | 467 | 549 | 17.56% |
| **यूरोपीय संघ को गैर-बासमती चावल का निर्यात** | | | |
| **निर्यातक देश** | **इकाई: मात्रा "000" मीट्रिक टन में** | | **2019-2023 के दौरान पूर्ण वृद्धि (%)** |
| | **2019** | **2023** | |
| भारत | 2 | 12 | 500% |
| थाईलैंड | 246 | 209 | -15.04% |
| कंबोडिया | 179 | 253 | 41.34% |
| वियतनाम | 57 | 57 | 0% |
| पाकिस्तान | 198 | 208 | 5.05% |
| म्यांमार | 467 | 549 | 17.56% |

*स्रोत: आईटीसी ट्रेड मैप*

(घ) से (च): भारत यूरोपीय संघ सहित आयातक देशों की आवश्यकताओं का अनुपालन कर रहा है। हालाँकि, ऐसे मामले जहाँ कीटनाशकों और संदूषकों के एमआरएलएस/एमएल में उल्लेखनीय कमी आई है, भारत ने द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से संबंधित देश और यूरोपीय संघ के साथ भी इस मुद्दे को उठाया है। द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से समाधान न होने पर, विशिष्ट व्यापार चिंताएँ (एसटीसी) फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में उठाई जाती हैं।

इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि चावल उत्पादक यूरोपीय संघ और अन्य आयातक देशों द्वारा निर्धारित एमआरएल का अनुपालन करें, राज्य कृषि विभाग और कृषि विश्वविद्यालय, बेहतर कृषि पद्धतियों को अपनाने और कृषि-रसायनों का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए उत्पादकों की क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

जहां तक यूरोपीय संघ (ईयू) कंपनियों के प्रवेश का सवाल है, सभी प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार और निवेश एक सतत प्रक्रिया है जिसमें व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों का आदान-प्रदान और बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) वार्तालाप शामिल हैं।

**दिनांक 11.03.2025 को उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2057 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**क. भारत से 2015 से 2025 के बीच निर्यातित चावल की खेपों में ईयू द्वारा निर्धारित एमआरएल से अधिक पाए जाने वाले कीटनाशक मोलेक्यूल्स की सूची ।**

| कीटनाशक अवशेष | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ट्राइसाइक्लाज़ोल | 0 | 0 | 0 | 14 | 8 | 7 | 6 | 22 | 19 | 19 | 2 | 97 |
| थायमेथोक्साम | 0 | 0 | 0 | 1 | 6 | 2 | 6 | 12 | 15 | 15 | 3 | 60 |
| क्लोरपायरीफोस | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 | 6 | 5 | 1 | 18 |
| इमिडेक्लोप्रिड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 | 3 | 0 | 9 |
| कार्बेन्डोज़िम | 7 | 1 | 0 | 7 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 0 | 20 |
| प्रोपिकोनाज़ोल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 2 | 0 | 5 |
| बुप्रोफेज़िन | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| प्रोफेनोफोस | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 |
| थिफ्लुज़ामाइड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 |
| इमाज़लिल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| एसीफेट | 1 | 1 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 |
| मेथामिडोफॉस | 1 | 0 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| ट्रायजोफॉस | 2 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| क्लोरपायरीफोस-मिथाइल | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| हेक्साकोनाज़ोल | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |

स्रोत: ईयू आरएएसएफएफ पोर्टल

**एफलाटॉक्सिन खाद्य और चारे में एक संदूषक है, और यह एक कीटनाशक नहीं है।**

**ख. भारत से निर्यातित चावल की खेप में अक्सर पाए जाने वाले कीटनाशक मोलेक्यूल्स के लिए ईयू एमआरएल, कोडेक्स एमआरएल और एफएसएसएआई एमआरएल का तुलनात्मक विश्लेषण।**

| क्र.सं. | कीटनाशक मोलेक्यूल्स का नाम | ईयू एमआरएलएस मिलीग्राम/किग्रा | | कोडेक्स मिलीग्राम/किलोग्राम | एफएसएसएआई मिलीग्राम/किलोग्राम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संशोधन से पहले | संशोधित | | |
| | ट्राइसाइक्लाज़ोल | 1.00 | 0.01 | - | 3.0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | थायमेथोक्साम | 0.01 | 0.01 | 3.0** | 0.02 |
| | क्लोरपायरीफोस | 0.50 | 0.01 | - | 0.5 |
| | इमिडेक्लोप्रिड | 1.50 | 0.01 | - | 0.05 |
| | कार्बेन्डोज़िम | 0.01 | 0.01 | 2.0* | 2.0 |
| | प्रोपिकोनाज़ोल | 1.50 | 0.01 | - | 0.05 |
| | बुप्रोफेज़िन | 0.50 | 0.01 | - | 0.05 |
| | प्रोफेनोफोस | 0.01 | 0.01 | - | - |
| | थिफ्लुज़ामाइड | - | - | - | 0.05 |
| | इमाज़लिल | 0.05 | 0.01 | - | - |
| | एसीफेट | 0.02 | 0.01 | 1.0 * | 1.0 |
| | मेथामिडोफॉस | 0.01 | 0.01 | 0.6 * | - |
| | ट्रायजोफॉस | 0.02 | 0.02 | 0.6** | 0.6 |
| | क्लोरपायरीफोस-मिथाइल | 3.00 | 0.01 | - | - |

* भूसी वाले चावल में एमआरएल * * पॉलिश किए हुए चावल में एमआरएल

स्रोत: ईयू कीटनाशक डेटाबेस, सीओडीईएक्स और एफएसएसएआई

****